प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.03.2025 समय : 18.30 पीएम

000000

- देश को स्वस्थ और सक्रिय बनाये रखने के लिए फिट इंडिया महोत्सव की आज से शुरूआत–स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर कई खेल गतिविधियां आयोजित होंगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीवन के विभिन्न पहलुओं और अनुभवों पर पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत की–कहा–हर देशवासी के मन में राष्ट्र हित का भाव जरूरी।
- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर और फलौदी जिलों की विकास समन्वय समितियों की बैठक ली–गर्मियों में पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिये।
- मेवाड़ राजघराने के वरिष्ठ सदस्य और समाजसेवी अरविन्द सिंह मेवाड़ का निधन–पर्यटन और कला संस्कृति जगत में छायी शोक की लहर–कल होगा अंतिम संस्कार।

000000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पहले फिट इंडिया महोत्सव का उद्घाटन कर रहे है। समारोह में युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, कई फिल्मी सितारे, पहलवान, फिटनेस शौकीन और वेलनेस गुरु भी शामिल हो रहे है। तीन दिवसीय फिटनेस और वेलनेस फेस्टिवल–फिट इंडिया महोत्सव का उद्देश्य फिट इंडिया आंदोलन के फिट, स्वस्थ और मोटापे से मुक्त राष्ट्र के दृष्टिकोण के साथ तालमेल करते हुए स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना है। फिट इंडिया महोत्सव के दौरान रस्सी कूदना, आर्म रेसलिंग, बॉलिंग, स्क्वॉट और पुश–अप चैलेंज सहित कई खेल गतिविधियाँ मुख्य आकर्षण होंगी। इसमें भारतीय खेल प्राधिकरण का राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, लोगों को पोषण विशेषज्ञों और मनोवैज्ञानिकों से संबंधित निःशुल्क मूल्यांकन उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर आगामी खेलो इंडिया पैरा गेम्स के शुभंकर, लोगो और गान का भी अनावरण किया जाएगा। खेलो इंडिया पैरा गेम्स का आयोजन 20 से 27 मार्च के बीच दिल्ली में होगा।

इस बीच केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज सुबह अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर "फिट इंडिया – रविवार को साइकिल पर" अभियान में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में करीब साढे छः सौ साइकिल सवारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाने से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने में मदद मिल सकती है।

------

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रख्यात पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आज प्रसारित इस पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री ने अपने संस्मरण और जीवन के अनुभवों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने बचपन, हिमालय में बिताए गए समय और सार्वजनिक जीवन सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। करीब तीन घंटे की इस बातचीत में फ्रिडमैन ने प्रधानमंत्री मोदी की शख्सियत से जुड़े विभिन्न पहलुओं को छूने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने अपने बीते दिनों को याद करते हुए कहा कि मन में भाव यह होना चाहिए कि मैने समाज–देश को क्या दिया। यह नहीं कि मुझे क्या मिला ? प्रधानमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति को याद रखना चाहिए कि रात कितनी भी हो सुबह जरूर होती है।

-----

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ रायसीना डायलॉग 2025 का उद्घाटन करेंगे। रायसीना डायलॉग का यह दसवां संस्करण 19 मार्च तक चलेगा। इस आयोजन में शामिल देश भू–राजनीतिक और भू– आर्थिक समेत कई मुद्दों पर चर्चा करते हैं। इस बीच सम्मेलन में भाग लेने के लिए विभिन्न देशों के नेता नई दिल्ली पहुंचने लगे हैं। इनमें लक्जमबर्ग तथा क्यूबा के उप–प्रधानमंत्री, घाना, पेरू और स्लोवेनिया के विदेश मंत्री शामिल हैं। इसके अलावा मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद भी डायलॉग में शिरकत करने नई दिल्ली पहुंच गए हैं।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को होली की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने भी राज्यपाल से आज शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने श्री बागड़े से जैविक खेती और कृषि विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

0000

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जोधपुर और फलौदी जिलों की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक ली। केन्द्रीय मंत्री ने दोनो जिलों में संचालित केन्द्र सरकार की योजनाओं और सामुदायिक विकास की गतिविधियों का फीडबैक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री शेखावत ने दोनो जिलों में पीने के पानी की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को गर्मी के मौसम के दौरान, आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बंद पडे हैडपम्पों और ट्यूबवेलों की मरम्मत कर पेयजल वितरण के काम को प्राथमिकता से लेने को कहा। श्री शेखावत ने कन्टिनजेंसी प्लान के इस महीने के आखिरी तक बेहतर कियान्वयन के लिए अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने को कहा। बैठक में संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, सांसद पीपी चौधरी और स्थानीय जनप्रतिनिधयों के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

000000

मेवाड़ राजघराने के वरिष्ठ सदस्य और समाजसेवी महाराणा अरविन्द सिंह मेवाड़ का आज उदयपुर में निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थे। उनके निधन की सूचना से समूचे मेवाड़ क्षेत्र और समर्थकों में शोक की लहर छा गई। श्री मेवाड़ के निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित और विभिन्न सामाजिक संगठनों में गहरा दुख व्यक्त किया है। श्रीजी अरविन्द सिंह मेवाड़ महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन, सिटी पैलेस और एकलिंगजी ट्रस्ट सहित कई संस्थाओं के प्रबंधक थे। उन्होंने शिक्षा, पर्यटन और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया था। अरविन्द सिंह मेवाड़ का कल अंतिम संस्कार किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा ऐतिहासिक सिटी पैलेस से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई महासतिया पंहुचेगी।

00000

जैसलमेर में कल अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। त्रिस्तरीय जनसुनवाई और समस्याओं को दूर करने के संबंध में ब्लॉक स्तर पर ये शिविर लगाये जायेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस संबंध में पहले आयोजित अटल जन सेवा शिविरों और राजस्थान संपर्क पोर्टल के लंबित तथा असंतुष्ट प्रकरणों को सूचिबद्ध कर, इनका निराकरण करने के प्रयास किये जायेंगे।

-------

00000

किसानों के कौशल विकास और पशुपालको को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि तथा तकनीक के समावेश के लिए हरियाणा के करनाल में आज से कृषि प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। शिविर में भाग लेने राजस्थान से भी बडी संख्या में किसान और पशुपालक पंहुचे है। झालावाड से 40 प्रगतिशील कृषकों का दल प्रशिक्षण के लिए रवाना हुआ। सात दिवसीय शिविर में वैज्ञानिक विधि से दुग्ध उत्पादन, पशुपालन और मत्स्य पालन तकनीक पर विशेषज्ञों द्वारा किसानों को पारंगत किया जायेगा।

00000

होली से शुरू हुई गणगौर पूजन के तीसरे दिन आज भाई दूज पूजा की गई। महिलाओं ने सुखसमृद्धि की कामना और भाईयों की लंबी उम्र के लिए भाई दूज पूजा की और माता को भोग अर्पित किये। इधर प्रदेश में कई जगह परम्परागत रूप से सूरज आठ रोट पर सूर्य की उपासना भी की गई। पाली में सुहागिनों ने व्रत का उद्यापन किया और कन्याओं को भोजन करा कर पूजा अर्चना की। हनुमानगढ में भी सूरज रोटे के अवसर पर गणगौर के गीतों के साथ महिलाओं ने पारम्परिक रूप से लोकनृत्य प्रस्तुत किये।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम **'मन की बात'** 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0** पर भेज सकते हैं। **1922** नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

0000

प्रदेश में बीते दो–तीन दिनों में मौसम मे हुए बदलाव के बाद आज अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क रहा। बीकानेर संभाग में कुछ जगहों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार सर्वाधिक तापमान चित्तौडगढ में 38 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार अधिकांश जिलों में अगले तीन–चार दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कुछ गिरावट हो सकती है।

00000